# रेल भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS
## CEN 01/2024 - ALP / सहायक लोको पायलट

सत्यमेव जयते

| | |
|---|---|
| Test Date | 06/05/2025 |
| Test Time | 9:30 AM - 12:00 PM |
| Subject | Electrician |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **PART-A**

**Q.1** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा, अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

**Ans**
1. MU – QL
2. WE – AU
3. SA – WQ
4. DL – HB

**Q.2** इंटरनेट आर्किटेक्चर में ट्रांसपोर्ट लेयर (Transport Layer) का मुख्य फंक्शन क्या है?

**Ans**
1. पैकेट की रूटिंग (Routing of packets)
2. विश्वसनीय डेटा ट्रांसफर और त्रुटि सुधार (Reliable data transfer and error correction)
3. डेटा एनकैप्सुलेशन (Data encapsulation)
4. IP एड्रेसिंग (IP addressing)

**Q.3** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन किसी निश्चित तरीके से एक समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

**Ans**
1. MF – HJ
2. WP – RS
3. SL – NP
4. DW – YA

Q.4 दिए गए पाई चार्ट का अध्ययन कीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

दिए गए पाई चार्ट में विभिन्न विषयों में विद्यार्थियों के प्रतिशत-वार विभाजन को दर्शाया गया है। कॉलेज में विद्यार्थियों की कुल संख्या 5000 है।




संदर्भ:-
Computer - कंप्यूटर
Physics - भौतिक विज्ञान
Chemistry - रसायन विज्ञान
Maths - गणित
Zoology - प्राणिविज्ञान
Botany - वनस्पति-विज्ञान

प्राणिविज्ञान पढ़ने वाले विद्यार्थियों और वनस्पति-विज्ञान पढ़ने वाले विद्यार्थियों का अनुपात कितना है?

Ans
1. 16 : 15
2. 15 : 16
3. 15 : 14
4. 14 : 15

Q.5 अप्रयुक्त विद्युत उपकरणों को ऑफ करना (turning off), ऊर्जा संरक्षण में किस प्रकार योगदान देता है?

Ans
1. ऊर्जा उपयोग बढ़ाकर
2. विद्युत उपकरणों का तलावचन करके
3. उपकरण के निष्पादन को बढ़ाकर
4. उपयोगिता बिलों को कम करके

Q.6 निम्नलिखित का मिलान कीजिए।

(A) सतत मोटी रेखाएँ (Continuous thick lines) (P) प्रक्षेपण रेखाएँ (Projection lines)
(B) प्रच्छन्न रेखाएँ (Hidden lines) (Q) मुख्य रेखाएँ (Principal lines)
(C) परिरेखाएँ (Outlines) (R) खंडित रेखाएँ (Dotted lines)
(D) विस्तार रेखाएँ (Extension lines) (S) वस्तु रेखाएँ (Object lines)

Ans
1. A-R, B-S, C-Q, D-P
2. A-P, B-R, C-Q, D-S
3. A-S, B-R, C-P, D-Q
4. A-S, B-R, C-Q, D-P

| | | |
|---|---|---|
| Q.7 | कौन-सा शब्द (term ) सौर ऊर्जा की उस अधिकतम मात्रा का वर्णन करता है जिसे प्रकाश-वोल्टीय (PV) प्रणाली, मानक परीक्षण परिस्थितियों के तहत विद्युत में परिवर्तित कर सकती है? | |
| Ans | 1. शिखर लोड (Peak load)<br>2. निर्धारित क्षमता (Rated capacity)<br>3. प्रभावी क्षमता (Effective capacity)<br>4. नेमप्लेट क्षमता (Nameplate capacity) | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.8 | यदि एक समांतर चतुर्भुज की दो आसन्न भुजाओं की लंबाइयों का योगफल 12 cm है, तो समांतर चतुर्भुज का परिमाप कितना होगा? | |
| Ans | 1. 24 cm<br>2. 34 cm<br>3. 20 cm<br>4. 36 cm | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.9 | एक डॉक्टरी थर्मामीटर में तापमान परास निम्नलिखित में से क्या होती है? | |
| Ans | 1. 10°C से 45°C<br>2. 30°C से 43°C<br>3. 35°C से 42°C<br>4. 31°C से 44°C | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.10 | 6C आवेश को 120 V विभव वाले बिंदु से 140 V विभव वाले बिंदु तक ले जाने में किया गया कार्य ज्ञात कीजिए। | |
| Ans | 1. 3.33 J<br>2. 720 J<br>3. 840 J<br>4. 120 J | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.11 | एक व्यक्ति अपनी आय का 50% बचत करता है। यदि उसका व्यय ₹640 है, तो उसकी आय (₹ में) कितनी है? | |
| Ans | 1. 600<br>2. 560<br>3. 1,280<br>4. 1,320 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.12 | I, J, K, L, U, V और W में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन है। J की परीक्षा शुक्रवार को है। V और J के बीच केवल दो व्यक्तियों की परीक्षा है। L और V के बीच केवल चार व्यक्तियों की परीक्षा है। U की परीक्षा W के ठीक बाद है। K की परीक्षा सोमवार को नहीं है। K से पहले और I के बाद कितने व्यक्तियों की परीक्षा है? | |
| Ans | 1. तीन<br>2. दो<br>3. एक<br>4. चार | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.13 | आदित्य सर्दियों में खुद को गर्म रखने के लिए एक मोटे कंबल के स्थान पर दो पतले कंबलों का उपयोग कर रहा है क्योंकि _______________ | |
| Ans | 1. दो कंबलों के बीच घर्षण से ऊष्मा उत्पन्न होती है।<br>2. एक मोटे कंबल की तुलना में दो कंबल सस्ते हैं।<br>3. परिवेश की तुलना में कंबलों का तापमान उच्च होता है।<br>4. कंबलों के बीच ग्राहित वायु ऊष्मा की अल्प चालक होती है। | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.14 | हम निरपेक्ष त्रुटि कैसे ज्ञात करते हैं? | |
| Ans | 1. निरपेक्ष त्रुटि = वास्तविक मान – प्रेक्षित मान<br>2. निरपेक्ष त्रुटि = वास्तविक मान × प्रेक्षित मान<br>3. निरपेक्ष त्रुटि = वास्तविक मान + प्रेक्षित मान<br>4. निरपेक्ष त्रुटि = वास्तविक मान/प्रेक्षित मान | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.15 | उस त्रिक का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो त्रिकों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों त्रिक समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।<br><br>JK - LM - NO<br><br>TU - VW - XY | |
| Ans | 1. DE - FG - HI<br>2. DE - FB - DF<br>3. WE - DF - HI<br>4. DE - FG - KL | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.16 | एक विद्युत हीटर, अपने सिरों के बीच 75 V का विभावांतर होने पर 5 A की धारा कर्षित करता है। यदि विभावांतर बढ़ा कर 150 V कर दिया जाए, तो विद्युत हीटर कितनी धारा कर्षित करेगा? | |
| Ans | 1. 10 A<br>2. 30 A<br>3. 15 A<br>4. 20 A | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.17 | निम्नलिखित में से कौन-सा, एकसमान गति का उदाहरण है? | |
| Ans | 1. परिवर्ती चाल से 100 मीटर की दौड़ में भाग लेने वाला धावक<br>2. भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में गतिमान वाहन<br>3. सीधी पटरी पर अपरिवर्ती चाल से चलती हुई रेलगाड़ी<br>4. ढलान से लुढ़कती हुई एक गेंद | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.18 | संख्याओं के दो समुच्चय नीचे दिए गए हैं। संख्याओं के प्रत्येक समुच्चय में, पहली संख्या पर निश्चित गणितीय संक्रिया(एं) करने पर दूसरी संख्या प्राप्त होती है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर निश्चित गणितीय संक्रिया(एं) करने पर तीसरी संख्या प्राप्त होती है और इसी प्रकार आगे भी संख्याएं प्राप्त होती हैं। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प, दिए गए समुच्चयों में दी गई संक्रियाओं के समान समुच्चयों का अनुसरण करता है?<br><br>(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करना अनुमत नहीं है।)<br><br>24 – 48 – 108 – 36; 18 – 36 – 96 – 32 | |
| Ans | 1. 82 – 139 – 234 – 78<br>2. 132 – 264 – 444 – 138<br>3. 53 – 106 – 166 – 55<br>4. 48 – 96 – 156 – 52 | |

**Q.19** जब 5 ओम वाले प्रतिरोधक में से 2A धारा प्रवाहित होती है, तो 2 मिनट में उसमें उत्पन्न होने वाली ऊष्मा ज्ञात कीजिए।

**Ans**
1. 40 J
2. 1000 J
3. 2400 J
4. 500 J

**Q.20** किसी वस्तु का अंकित मूल्य ₹5,000 है तथा अंकित मूल्य पर 70% की छूट दी जाती है। नेट विक्रय मूल्य ₹1,275 तक लाने के लिए ग्राहक को पहले दी गई छूट के बाद मूल्य पर कितने प्रतिशत की अतिरिक्त छूट दी जानी चाहिए?

**Ans**
1. 18%
2. 15%
3. 16%
4. 10%

**Q.21** निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, गतिज ऊर्जा वाली वस्तु को निरूपित करता है?

**Ans**
1. एक मेज पर रखी हुई किताब
2. एक विस्तारित रबर बैंड
3. एक गतिमान पत्थर
4. एक संपीड़ित स्प्रिंग

**Q.22** 4, 6, 4, 6, 5, 7, 5, 7, 4, 6, 7, 6 का बहुलक ज्ञात कीजिए।

**Ans**
1. 6
2. 7
3. 5
4. 4

**Q.23** सर्दियों में, लोग जैकेट पहनते हैं क्योंकि ____________________

**Ans**
1. जैकेट का कपड़ा ऊष्मारोधी होता है, इसलिए यह शरीर की ऊष्मा को रोक लेता है।
2. जैकेट का कपड़ा ऊष्मा का चालक होता है इसलिए यह शरीर की ऊष्मा को रोक लेता है।
3. यह अच्छा दिखता है।
4. जैकेट ऊष्मा को हमारे शरीर से परिवेश में प्रवाहित होने देती है।

**Q.24** दो पात्र, जिनमें से एक को काले रंग से तथा दूसरे को सफेद रंग से रंगा गया है, दोपहर में एक घंटे के लिए धूप में रखे गए हैं। सही प्रेक्षण का चयन कीजिए।

**Ans**
1. काला पात्र, सफेद पात्र की तुलना में अधिक गर्म हो जाता है।
2. सफेद पात्र, काले पात्र की तुलना में अधिक गर्म हो जाता है।
3. किसी भी पात्र पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।
4. दोनों पात्र समान रूप से गर्म हो जाते हैं।

**Q.25** 35 ओम प्रतिरोध वाला एक विद्युत लैम्प तथा 5 ओम प्रतिरोध वाला एक चालक, 8 V की बैटरी के साथ श्रेणीक्रम में संयोजित हैं। परिपथ में प्रवाहित धारा ज्ञात कीजिए।

**Ans**
1. 1.82 A
2. 2 A
3. 40 A
4. 0.2 A

**Q.26** आंकड़ों 2, 6, 4, 8, 1, 2, 5, 8, 9, 10, 12, 9, 7, 8, 3, 1, 0, 9, 2, 5 की माध्यिका ज्ञात कीजिए।

**Ans**
1. 5.5
2. 6
3. 5
4. 6.5

**Q.27** इंजीनियरिंग ड्राइंग में एक रेखा, ____________ है/हैं।

**Ans**
1. स्पेस में या ड्राइंग शीट पर विमाहीन स्थान है जिसमें कोई चौड़ाई, ऊंचाई या गहराई नहीं होती
2. एक-विमीय आकृति है, जिसमें लंबाई तो होती है लेकिन चौड़ाई नहीं होती
3. लंबाई, चौड़ाई और ऊंचाई वाली त्रि-विमीय वस्तु होती
4. बंद वक्र होती है जहां सभी बिंदु एक निश्चित केंद्र बिंदु से समान दूरी पर होते

**Q.28** विंडोज़ में कई टेक्स्ट एडिट एप्लीकेशन में टेक्स्ट को कॉपी करने के लिए आमतौर पर किस कुंजी संयोजन का उपयोग किया जाता है?

**Ans**
1. Ctrl+V
2. Ctrl+C
3. Ctrl+S
4. टैब (Tab)

**Q.29** ऐम्पियर, ________ का SI मात्रक है।

**Ans**
1. विद्युत धारा
2. द्रव्यमान
3. विद्युत शक्ति
4. विद्युत आवेश

**Q.30** यदि 11.6 : x :: x : 2.9, और x > 0 है, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
1. 10.9
2. 3.1
3. 7.7
4. 5.8

**Q.31** वाणिज्यिक भवन में ऊर्जा ऑडिट करके, निम्नलिखित में से कौन से लाभ प्राप्त किए जा सकते हैं?

**Ans**
1. भवन के बाजार मूल्य में कमी
2. ऊर्जा के प्रति यूनिट उपयोग पर इसकी कीमत में कमी
3. ऊर्जा बचत के अवसरों की पहचान करना
4. ऊर्जा बिलों की लागत में वृद्धि

**Q.32** कार्यस्थल पर विद्युत दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी तरीका निम्नलिखित में से कौन-सा है?

**Ans**
1. अत्यधिक गर्म हो चुके विद्युत उपकरणों को शीतल करने के लिए जल का उपयोग करना।
2. विद्युत् रोधी उपकरणों का उपयोग करना और रबर के दस्ताने पहनना।
3. नंगे हाथों से विद्युन्मय तारों पर काम करना।
4. छोटे-मोटे वैद्युत दोषों की उपेक्षा करना।

| | | |
|---|---|---|
| Q.33 | **किसी उपयोगकर्ता के लिए सुरक्षा और गोपनीयता दोनों को बढ़ाने के लिए वेब ब्राउज़र को कॉन्फ़िगर करते समय निम्नलिखित में से कौन-सा स्टेप आवश्यक होता है?** | |
| Ans | 1. उपयोगकर्ता अनुभव को बेहतर बनाने के लिए सभी वेबसाइटों के पॉप-अप को इनेबल करना<br>2. वेबसाइट लोडिंग समय को बेहतर बनाने के लिए ब्राउज़र के कैश को डिजेबल करना<br>3. त्वरित एक्सेस के लिए होमपेज को अक्सर देखी जाने वाली वेबसाइट पर सेट करना<br>4. ब्राउज़र को तृतीय-पक्ष कुकीज़ (third-party cookies) को ब्लॉक करने और HTTPS-only मोड को इनेबल करने के लिए कॉन्फ़िगर करना | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.34 | **राकेश ने ₹2,50,000 की पूंजी के साथ एक व्यवसाय शुरू किया। पहले वर्ष के दौरान उसे 5% की हानि हुई। हालाँकि, दूसरे वर्ष के दौरान वह अपने शेष निवेश पर 4% का लाभ अर्जित करता है। अंत में, वह तीसरे वर्ष के दौरान अपनी नई पूंजी पर 20% का लाभ अर्जित करता है। तीन वर्ष के अंत में उसका कुल लाभ ज्ञात कीजिए।** | |
| Ans | 1. ₹46,700<br>2. ₹46,500<br>3. ₹46,600<br>4. ₹46,400 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.35 | **कौन-सी प्रौद्योगिकी, विद्युत-रासायनिक प्रक्रम के माध्यम से प्रचालित होती है जो हाइड्रोजन गैस ($H_2$) और ऑक्सीजन में संग्रहीत ऊर्जा को दहन के बिना विद्युत ऊर्जा में रूपांतरित करती है?** | |
| Ans | 1. जलविद्युत ऊर्जा<br>2. हाइड्रोजन ईंधन सेल<br>3. पवन ऊर्जा<br>4. सौर तापीय ऊर्जा | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.36 | **जब 10 kg द्रव्यमान वाली किसी वस्तु को धरातल से 5 m की ऊंचाई तक उठाया जाता है, तो इस वस्तु में निहित ऊर्जा की गणना कीजिए। $g = 9.8\ m\ s^{-2}$ लीजिए।** | |
| Ans | 1. 400 J<br>2. 490 J<br>3. 450 J<br>4. 500 J | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.37 | **इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं की एक क्लीयरेंस सेल में, ₹12,225 अंकित मूल्य की एक वस्तु को अब ₹10,758 में बेचा जाता है। वस्तु पर दी गई छूट प्रतिशत d% है। d का मान ज्ञात कीजिए।** | |
| Ans | 1. 14%<br>2. 12%<br>3. 11%<br>4. 13% | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.38 | **दी गई अक्षरांकीय श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?**<br>**2M, 5O, 10R, 13T, 18W, 21Y, ?** | |
| Ans | 1. 26C<br>2. 26A<br>3. 24B<br>4. 26B | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.39 | **यदि $x = 7 + \sqrt{1}$, $y = 7 - \sqrt{1}$ है, तो $x^2 + y^2$ का मान ज्ञात कीजिए।** | |
| Ans | 1. 100<br>2. 56<br>3. 69<br>4. 98 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.40 | एक शहर में, टैक्सी के किराये में तय की गई दूरी के लिए प्रति किलोमीटर किराये के साथ स्थायी (fixed) किराया भी जुड़ा होता है। 35 km की दूरी के लिए, भुगतान किया गया किराया ₹375 है और 48 km की दूरी के लिए, भुगतान किया गया किराया ₹427 है। क्रमशः स्थायी किराया और प्रति km किराया (₹ में) ज्ञात कीजिए। | |
| Ans | 1. 220 और 6<br>2. 227 और 5<br>3. 275 और 3<br>4. 235 और 4 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.41 | एक निश्चित कूट भाषा में,<br>'A × B' का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है',<br>'A – B' का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',<br>'A + B' का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है' और<br>'A % B' का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।<br><br>यदि 'M × N % P + S – T' है, तो M का T से क्या संबंध है? | |
| Ans | 1. भाई की पत्नी का पिता<br>2. भाई की पत्नी के पिता का पिता<br>3. भाई की पत्नी के पिता का भाई<br>4. भाई की पत्नी का भाई | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.42 | दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?<br><br>87 118 149 ? 211 242 | |
| Ans | 1. 171<br>2. 180<br>3. 188<br>4. 199 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.43 | एक धातु के तार का प्रतिरोध R है। यदि अन्य सभी पैरामीटर समान रखते हुए धातु के तार की त्रिज्या को उसकी प्रारंभिक त्रिज्या से आधा कर दिया जाए, तो नया प्रतिरोध ______ हो जाता है। | |
| Ans | 1. 4R<br>2. 2R<br>3. $\frac{R}{4}$<br>4. $\frac{R}{2}$ | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.44 | 15 kg द्रव्यमान वाली बिल्ली को कितनी तेज दौड़ना चाहिए जिससे कि उसकी गतिज ऊर्जा 120 J हो जाए? | |
| Ans | 1. 40 m/s<br>2. 0.16 m/s<br>3. 16 m/s<br>4. 4 m/s | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.45 | सीमा की आयु, अलका की आयु की दोगुनी है। यदि अलका की आयु में से नौ वर्ष घटा दिए जाएं और सीमा की आयु में छह वर्ष जोड़ दिए जाएं, तो सीमा की आयु, अलका की आयु की चार गुनी हो जाएगी। तीन वर्ष पहले अलका की आयु कितनी थी? | |
| Ans | 1. 20 वर्ष<br>2. 21 वर्ष<br>3. 16 वर्ष<br>4. 18 वर्ष | |

| | |
|---|---|
| Q.46 | इंजीनियरिंग ड्राइंग में, मुख्य रेखाएँ (principal lines) किसे प्रदर्शित करने के लिए खींची जाती हैं? |
| Ans | 1. चौड़ी रेखाएँ जिनके अनुदिश प्रिंट को ट्रिम किया जाता है<br>2. आंतरिक या छिपे हुए किनारे को<br>3. वस्तुओं के प्रत्यक्ष किनारे और पृष्ठ परिसीमाओं को<br>4. बेलनाकार, शंक्वाकार या गोलाकार वस्तुओं के अक्ष को |

| | |
|---|---|
| Q.47 | यदि $a = 21$ और $b = 19$ है, तो $\frac{a^2 + b^2 + ab}{a^3 - b^3}$ का मान ज्ञात कीजिए। |
| Ans | 1. $\frac{3}{5}$<br>2. $\frac{1}{2}$<br>3. $\frac{2}{3}$<br>4. $\frac{2}{5}$ |

| | |
|---|---|
| Q.48 | BIS SP: 46-2003 के अनुसार, अक्षर लेखन और संख्यांकन (अपरकेस अक्षर लेखन) के अनुसार निम्नलिखित का मिलान करें।<br><br>चौड़ाई (W) बड़े अक्षर<br>(A) 5 (I) W<br>(B) 6 (II) A, M, Q, V, X, Y<br>(C) 7 (III) B, D, G, H, K, N, O, P, R, S, T, U और Z<br>(D) 9 (IV) C, E, F, L |
| Ans | 1. A-(IV), B-(II), C-(III), D-(I)<br>2. A-(I), B-(III), C-(II), D-(IV)<br>3. A-(IV), B-(III), C-(II), D-(I)<br>4. A-(IV), B-(III), C-(I), D-(II) |

| | |
|---|---|
| Q.49 | $96.86572 \times 10^7$ का मान ज्ञात कीजिए। |
| Ans | 1. 96,86,57,200<br>2. 96,86,572<br>3. 0.9686572<br>4. 9,68,65,720 |

| | |
|---|---|
| Q.50 | 155 m और 160 m लंबी दो ट्रेनें समांतर पटरियों पर विपरीत दिशाओं में क्रमशः 74 km/hr और 52 km/hr की चाल से चल रही हैं। वे एक-दूसरे को कितने सेकंड में पार करेंगी? |
| Ans | 1. 9 सेकंड<br>2. 7 सेकंड<br>3. 18 सेकंड<br>4. 14 सेकंड |

**Q.51** आठ व्यक्ति दो समांतर पंक्तियों में बैठे हैं जिनमें से प्रत्येक पंक्ति में 4 व्यक्ति इस प्रकार बैठे हैं कि आसन्न व्यक्तियों के बीच समान दूरी है। पंक्ति 1 में – A, B, C और D बैठे हैं और उन सभी का मुख दक्षिण की ओर है। पंक्ति 2 में – P, Q, R और S बैठे हैं और उन सभी का मुख उत्तर की ओर है। इस प्रकार प्रत्येक व्यक्ति का मुख दूसरी पंक्ति के किसी अन्य व्यक्ति के सम्मुख है।
R के दाएं केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। D का मुख उस व्यक्ति के सम्मुख है जो S और P का निकटतम पड़ोसी है। C का मुख उस व्यक्ति के सम्मुख है जो S के बाएं से दूसरे स्थान पर बैठा है। R का मुख A के सम्मुख नहीं है।
निम्नलिखित में से कौन B के सम्मुख है?

**Ans**
1. Q
2. R
3. P
4. S

**Q.52** SI पद्धति में मूल राशि निम्नलिखित में से कौन-सी नहीं है?

**Ans**
1. बल
2. पदार्थ की मात्रा
3. समय
4. ज्योति तीव्रता

**Q.53** एक ठोस घनाभ के तीन आसन्न फलकों का क्षेत्रफल 162 $cm^2$, 144 $cm^2$ और 50 $cm^2$ है। घनाभ का आयतन ($cm^3$ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
1. 1365
2. 1080
3. 805
4. 833

**Q.54** यदि '+' और '–' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

32 + 28 ÷ 3 × 4 − 15 = ?

**Ans**
1. 20
2. 26
3. 32
4. 29

**Q.55** A, B से तीन गुना कुशल श्रमिक है और वे दोनों मिलकर किसी कार्य को 12 दिन में पूरा कर सकते हैं। A अकेले उस कार्य को कितने दिन में पूरा कर सकता है?

**Ans**
1. 14 दिन
2. 12 दिन
3. 16 दिन
4. 18 दिन

**Q.56** सिमरन एक मिनट में 60 m की दूरी तय करती है और फिर उसी सीधे रास्ते से वापस आती है। उसकी यात्रा का औसत वेग ज्ञात कीजिए।

**Ans**
1. 60 m/s
2. 1 m/s
3. 0 m/s
4. 2 m/s

| | | |
|---|---|---|
| Q.57 | निम्नलिखित अक्षर, संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए।<br><br>(बाएं) K A T & 4 @ Y # 6 K & 2 R % 7 D 3 5 E * S (दाएं)<br><br>ऐसे कितने प्रतीक हैं जिनके ठीक पहले एक संख्या और ठीक बाद में एक अक्षर है? | |
| Ans | 1. तीन<br>2. एक<br>3. दो<br>4. चार | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.58 | एक निश्चित कूट भाषा में, 'BORE' को '8624' के रूप में कूटबद्ध किया गया है और 'TABS' को '3217' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई कूट भाषा में 'B' के लिए कूट क्या है? | |
| Ans | 1. 1<br>2. 7<br>3. 8<br>4. 2 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.59 | निम्नलिखित में से कौन-सा समूह ऊष्मा चालकों को निरूपित करता है? | |
| Ans | 1. ऐलुमिनियम, प्लास्टिक, लकड़ी<br>2. ऐलुमिनियम, चाँदी, तांबा<br>3. लकड़ी, कागज, चाँदी<br>4. कागज, तांबा, प्लास्टिक | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.60 | 4.700 m में कितने सार्थक अंक हैं? | |
| Ans | 1. 3<br>2. 4<br>3. 2<br>4. 1 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.61 | SI पद्धति में कितने मूल मात्रक दिए गए हैं? | |
| Ans | 1. 11<br>2. 7<br>3. 9<br>4. 3 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.62 | इस प्रश्न में, एक कथन के बाद दो कार्रवाईयाँ दी गई हैं, जिन्हें I और II से क्रमांकित किया गया है। आपको कथन में दी गई सभी जानकारी को सत्य मानना है, तथा कथन में दी गई जानकारी के आधार पर यह तय करना है कि दी गई कार्यवाईयों में से कौन-सी कार्यवाई, तार्किक रूप से अनुसरण करने योग्य है।<br><br>कथन:<br>जयपुर के एक मॉल में आज दोपहर भीषण आग लग गई, जिससे अंदर मौजूद कई व्यक्ति घायल हो गए।<br><br>कार्रवाईयाँ:<br>पुलिस को यह जांच करनी चाहिए कि मॉल में अग्नि सुरक्षा विनियमों का पालन किया गया था या नहीं।<br>ट्रैफिक पुलिस को लोगों को सुरक्षित निकालने के लिए ट्रैफिक को अग्नि स्थल से दूसरी तरफ मोड़ना चाहिए। | |
| Ans | 1. केवल I अनुसरण करता है।<br>2. केवल II अनुसरण करता है।<br>3. न तो I और न ही II अनुसरण करता है।<br>4. I और II दोनों अनुसरण करते हैं। | |

Q.63 निम्नलिखित में से कौन-सा, शक्ति का गलत सूत्र है?

Ans
1. VI
2. $I^2Rt$
3. $V^2/R$
4. $I^2R$

Q.64 55,60,000 km के लिए वैज्ञानिक संकेतन क्या है?

Ans
1. $556 \times 10^6$ km
2. $5.56 \times 10^4$ km
3. $55.6 \times 10^4$ km
4. $5.56 \times 10^6$ km

Q.65 इंजीनियरिंग ड्राइंग में, निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द 'विमा' की सही परिभाषा है।

Ans
1. किसी अक्षर की रेखा की मोटाई
2. एक सतत मोटी या चौड़ी रेखा जिसके अनुदिश प्रिंटों को ट्रिम किया जाता है
3. मापन के उपयुक्त मात्रक में व्यक्त संख्यात्मक मान
4. एक रेखा जो किसी खंड को स्पष्ट करने के लिए खींची जाती है

Q.66 जसप्रीत ने वार्षिक रूप से संयोजित होने वाली 5% वार्षिक ब्याज दर पर ₹12,800 जमा किए। 2 वर्ष बाद जसप्रीत को कुल कितनी धनराशि (₹ में) प्राप्त होगी?

Ans
1. 13,997
2. 14,512
3. 14,442
4. 14,112

Q.67 किसी वस्तु की गति के कारण उसमें निहित ऊर्जा को क्या कहा जाता है?

Ans
1. स्थितिज ऊर्जा
2. गतिज ऊर्जा
3. प्रकाश ऊर्जा
4. ऊष्मीय ऊर्जा

Q.68 संख्याओं के दो समुच्चय नीचे दिए गए हैं। संख्याओं के प्रत्येक समुच्चय में, पहली संख्या पर निश्चित गणितीय संक्रिया(एं) करने पर दूसरी संख्या प्राप्त होती है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर निश्चित गणितीय संक्रिया(एं) करने पर तीसरी संख्या प्राप्त होती है और इसी प्रकार आगे भी संख्याएं प्राप्त होती हैं। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प, दिए गए समुच्चयों में दी गई संक्रियाओं के समान समुच्चयों का अनुसरण करता है?

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करना अनुमत नहीं है।)

11 – 121 – 221 – 171; 27 – 729 – 829 – 779

Ans
1. 16 – 196 – 296 – 246
2. 23 – 529 – 629 – 589
3. 13 – 169 – 244 – 188
4. 25 – 625 – 725 – 675

Q.69 अक्षय को अपनी बिक्री राशि में पहले वर्ष में 2% की वृद्धि और दूसरे वर्ष में 25% की वृद्धि प्राप्त होती है। इस प्रकार, उसकी वर्तमान बिक्री ₹1,42,800 है। दो वर्ष पहले उसकी बिक्री (₹ में) कितनी थी?

Ans
1. 1,14,240
2. 1,12,000
3. 92,000
4. 1,40,000

Q.70 द्रव्यमान m वाली किसी वस्तु को h ऊँचाई से मुक्त रूप से गिराया जाता है। वस्तु के गिरने के साथ उसकी ऊर्जा में क्या परिवर्तन होगा?

Ans
1. स्थितिज ऊर्जा और गतिज ऊर्जा दोनों में वृद्धि होगी।
2. गतिज ऊर्जा और स्थितिज ऊर्जा में कोई परिवर्तन नहीं होगा।
3. स्थितिज ऊर्जा में वृद्धि होगी जबकि गतिज ऊर्जा में कमी होगी।
4. स्थितिज ऊर्जा में कमी होगी जबकि गतिज ऊर्जा में वृद्धि होगी।

Q.71 निम्नलिखित में से कौन-सा 5S सिद्धांतों में से एक नहीं है?

Ans
1. सस्टेन (Sustain)
2. सॉर्ट (Sort)
3. स्टैन्डर्डाइज़्ड (Standardise)
4. सुपरवाइज़ (Supervise)

Q.72 एक व्यवसाय में, तुषार ने ₹10,000 का निवेश किया तथा सलिल ने ₹20,000 का निवेश किया। तुषार को व्यवसाय के प्रबंधन के लिए लाभ का 10% भाग प्राप्त हुआ और शेष लाभ को उनकी पूंजी के अनुपात में विभाजित किया गया। ₹14,400 के लाभ में तुषार का लाभ हिस्सा (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 5,760
2. 5,910
3. 5,610
4. 5,510

Q.73 30 ओम, 20 ओम और 60 ओम के प्रतिरोध समांतर क्रम में संयोजित हैं। इस संयोजन का तुल्य प्रतिरोध ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 0.1 ओम
2. 12 ओम
3. 10 ओम
4. 110 ओम

Q.74 किसी आयताकार हॉल के फर्श का परिमाप 220 m है। यदि हॉल की चारों दीवारों को ₹10 प्रति $m^2$ की दर से पेंट करने की लागत ₹11,000 है, तो हॉल का आयतन ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 19,520 $m^3$
2. 19,200 $m^3$
3. 18,250 $m^3$
4. 19,250 $m^3$

Q.75 कार्यस्थल पर सिस्टम विफलता (system failure) का सामना करते समय पहला चरण क्या होना चाहिए?

Ans
1. सभी बिजली स्रोतों को स्थायी रूप से डिस्कनेक्ट करें।
2. विफलता को अनदेखा करें और कार्य जारी रखें।
3. बिना निरीक्षण के सभी सिस्टम को तुरंत पुनः आरंभ करें।
4. समस्या की रिपोर्ट करें और आपातकालीन प्रोटोकॉल का पालन करें।

**Q.76** वैद्युत तापन उपकरणों (electrical heating devices) में शुद्ध धातुओं की तुलना में मिश्रातुओं को क्यों प्राथमिकता दी जाती है?

**Ans**
1. क्योंकि मिश्रातुओं की प्रतिरोधकता समान्यतः उनकी अवयवी धातुओं की तुलना में अधिक होती है।
2. क्योंकि मिश्रातुओं की प्रत्यास्थता उनकी अवयवी धातुओं की तुलना में अधिक होती है।
3. क्योंकि मिश्रातुओं की प्रतिरोधकता उनकी अवयवी धातुओं की तुलना में कम होती है।
4. क्योंकि मिश्रातुओं का उच्च ताप पर शीघ्र ही उपचयन (दहन) हो जाता है।

**Q.77** E, F, G, H, P, Q और R, एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। F, E के दाएं से चौथे स्थान पर बैठा है। F और H के बीच केवल R बैठा है। H, E का निकटतम पड़ोसी नहीं है। E और G के बीच केवल P बैठा है। G के दाएं से गिनती करने पर G और Q के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

**Ans**
1. एक
2. चार
3. तीन
4. दो

**Q.78** A किसी कार्य को 18 दिनों में पूरा कर सकता है। B उसी कार्य को 14 दिनों में पूरा कर सकता है। C की सहायता से, उन्होंने कार्य को 7 दिनों में पूरा कर लिया। C अकेले उस कार्य को ________ दिनों में पूरा कर सकता है।

**Ans**
1. 63
2. 42
3. 36
4. 64

**Q.79** एक निश्चित कूट भाषा में, 'WILD' को '8164' के रूप में कूटबद्ध किया गया है और 'DOGS' को '3517' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई कूट भाषा में 'D' के लिए कूट क्या है?

**Ans**
1. 4
2. 1
3. 5
4. 3

**Q.80** एक लड़का 5 km/hr की चाल से विद्यालय जाता है। वह 14 km/hr की चाल से वापस घर आ जाता है। उसे विद्यालय जाने और वापस घर आने में कुल 8 घंटे लगते हैं। उसके घर और विद्यालय के बीच की दूरी (km में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
1. 27
2. 31
3. 29.5
4. 28.6

**Q.81** निम्नलिखित में से कौन-सा फीचर, उपयोगकर्ता को किसी विशिष्ट प्रेषक से प्राप्त ई-मेल को शीघ्रता से खोजने की सुविधा देता है?

**Ans**
1. ड्राफ़्ट (Draft)
2. सॉर्ट (Sort)
3. फ़िल्टर (Filter)
4. आर्काइव (Archive)

**Q.82** जब समान तापमान पर दो वस्तुओं को एक-दूसरे के संपर्क में रखा जाता है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सही है?

**Ans**

1. ऊष्मा वस्तु 2 से वस्तु 1 में अंतरित होती है।
2. ऊष्मा वस्तु 1 से वस्तु 2 में अंतरित होती है।
3. दोनों वस्तुएं एक-दूसरे को ऊष्मा अंतरित करती हैं।
4. कोई ऊष्मा अंतरित नहीं होती है।

**Q.83** एक फल विक्रेता के पास कुछ सेब थे। उसने 40% सेब बेच दिए और अब उसके पास 900 सेब हैं। प्रारंभ में उसके पास कितने सेब थे?

**Ans**

1. 2250
2. 1350
3. 1500
4. 1800

**Q.84** यदि $\frac{\sin\theta + \cos\theta}{\sin\theta - \cos\theta} = 12$ है, तो $\frac{121\tan^2\theta - 3}{169\cot^2\theta + 1}$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**

1. $-\frac{83}{21}$
2. $\frac{83}{21}$
3. $-\frac{83}{61}$
4. $\frac{83}{61}$

**Q.85** संख्याओं के दो समुच्चय नीचे दिए गए हैं। संख्याओं के प्रत्येक समुच्चय में, पहली संख्या पर निश्चित गणितीय संक्रियाएं करने पर दूसरी संख्या प्राप्त होती है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर निश्चित गणितीय संक्रियाएं करने पर तीसरी संख्या प्राप्त होती है और इसी प्रकार आगे भी गणितीय संक्रियाएं की जाती है। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प, संक्रियाओं के उसी समुच्चयों का अनुसरण करता है जो दिए गए समुच्चयों में अनुसरण किया गया है?

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करना अनुमत नहीं है।)

4 – 8 – 18 – 9
6 – 12 – 22 – 11

**Ans**

1. 9 – 18 – 28 – 20
2. 11 – 13 – 22 – 63
3. 8 – 16 – 26 – 13
4. 3 – 15 – 12 – 20

**Q.86** मंगल स्थान A से चलना शुरू करता है और उत्तर की ओर 14 m चलता है। वह दाएं मुड़ता है, 9 m चलता है और फिर दाएं मुड़ता है, 37 m चलता है, स्थान B पर पहुंच जाता है और रुक जाता है। जयंती स्थान Z से चलना शुरू करती है जो स्थान B से 15 m पूर्व की ओर है। वह पूर्व की ओर 11 m चलती है, बाएं मुड़ती है, 42 m चलती है, बाएं मुड़ती है और 63 m चलती है, बाएं मुड़ती है और 19 m चलती है और स्थान Y पर रुक जाती है। स्थान A और स्थान Y के बीच न्यूनतम दूरी क्या है? (सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

**Ans**

1. 25 m
2. 31 m
3. 28 m
4. 26 m

**Q.87** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
कुछ जहाज, नाव हैं।
सभी नाव, पनडुब्बी हैं।
कुछ पनडुब्बी, नौका हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ नौका, नाव हैं।
(II) कुछ नौका, जहाज हैं।

**Ans**
1. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
2. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
3. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
4. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।

**Q.88** यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

35 A 7 C 9 B 3 D 16 = ?

**Ans**
1. 21
2. 10
3. 16
4. 18

**Q.89** पिहू 9 a.m. पर कार से अपने ऑफिस पहुंचने के लिए निकलती है, जो 20 km दूर है। वह शुरुआती 10 km की दूरी 30 मिनट में तय करती है और 10 a.m. पर अपने ऑफिस पहुंचती है। पिहू की गति, ________ है।

**Ans**
1. त्वरित गति
2. एकसमान गति
3. मंदित गति
4. असमान गति

**Q.90** एक निश्चित कूट भाषा में, 'LOVE' को '8364' के रूप मे कूटबद्ध किया गया है और 'EARS' को '3517' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई कूट भाषा में 'E' के लिए कूट क्या है?

**Ans**
1. 5
2. 4
3. 3
4. 7

**Q.91** दो संख्याओं के म.स.प. (HCF) का मान 62 है, तथा इनके ल.स.प. (LCM) के गुणखंडों (factors) के अन्य दो गुणज (factors) 7 और 9 हैं। दो संख्याओं में से छोटी संख्या का संभावित मान नीचे दिए गए विकल्पों में से कौन-सा हो सकता है?

**Ans**
1. 434
2. 432
3. 433
